# पाठ 16. बढ़ते चरण

## पाठ का परिचय

यह पाठ जीवन को प्रेरणा देने वाले छोटे-छोटे लेखों का एक संकलन है। जोन एंजिलो का मानना है कि व्यक्ति को जीवन में सदा अपनी रुचि का ही कार्य करना चाहिए। काम का चुनाव यदि रुचि के अनुरूप हो तो सफलता निश्चित है।

फ्रांस के महान लेखक रूसो ने भी कहा है कि जो मनुष्य अपने कर्तव्य को अच्छी तरह निभाने का अभ्यस्त है, वह जीवन से संबंधित सभी कामों को भली-भाँति करेगा। व्यक्ति के हाथ में जो भी काम हो उसे पूरी लगन और कौशल के साथ पूरा करना चाहिए।

रसेल ने लिखा है– "जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहली चीज़ है काम करना, दूसरी मुँह बंद करना, तीसरी निरीक्षण, चौथी विश्वासपात्रता, पाँचवीं मालिक को यह साबित कर देना कि मेरे बिना तुम्हारा काम नहीं चल सकता और छठी है विनीत होना।"

सरदार वल्लभ भाई पटेल का निर्भीक स्वभाव और धुन का पक्का होना ऐसे गुण थे, जिन्होंने उन्हें इतिहास में एक अमर व्यक्ति बना दिया।

स्वेट मार्डेन का कहना है कि व्यक्ति को अपने हाथों को सुंदर, मेहनती और दृढ़ होने की, आँखों को सूक्ष्म तथा सावधान निरीक्षण की, हृदय को कोमल, सच्चा तथा सहानुभूतिपूर्ण होने की तथा स्मरण शक्ति को सब बातों को ठीक-ठीक याद रखने की शिक्षा देनी चाहिए। अनुभव के आधार पर कहा जा सकता है कि मनुष्य यदि अपने लक्ष्य पर ईमानदारी, परिश्रम तथा साहस के साथ आगे बढ़ेगा तो निःसंदेह ही एक दिन विजय उसके पाँव चूमेगी। वह अपने जीवन में अवश्य सफल होगा।

## पाठ में निहित जीवन-मूल्य

इस दुनिया में कोई बड़ा या छोटा नहीं है। पैसा या पदवी से मनुष्य बड़ा नहीं हो जाता। मनुष्य का व्यवहार, उसकी मानवता तथा उसके कर्म ही उसके स्तर को निर्धारित करते हैं। अतः हमें अपने-आप को एक अच्छा मानव बनाना चाहिए तथा परिश्रम से आगे बढ़ते रहने का प्रयास करना चाहिए।

## पाठ का वाचन

सबसे पहले अध्यापक/अध्यापिका पाठ का सार बच्चों को सुनाएँ। सुनाते समय महान चरित्रों को उभारने के साथ-साथ उनके अच्छे व बुरे पक्ष को भी प्रस्तुत करें। कठिन शब्दों के अर्थ बताएँ। आवश्यक पंक्तियों का आशय भी स्पष्ट करते जाएँ। बच्चों से एक-एक अनुच्छेद अवश्य पढ़वाएँ।

## महत्वपूर्ण चर्चा

बच्चों से निम्नलिखित प्रश्नों पर आधारित चर्चा करें –

- तुम्हारे जीवन में समय की क्या महत्ता है?
- समाज को बेहतर बनाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
- तुम इनसानियत को महत्व दोगे या धन को?

- मानवता किन कर्मों के आधार पर लाई जा सकती है?
- जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र क्या है?